संख्या: 416 / बासीस-2012-17(27)/89

प्रेषक,

नेत राम,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग  लखनऊ: दिनांक 14 जून, 2012

विषय: जिला एकीकरण समितियों के पुनर्गठन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन द्वारा विभिन्न शासनादेशों के अन्तर्गत निर्गत किये गये समस्त आदेशों/निर्देशों को अतिक्रमित करते हुये श्री राज्यपाल महोदय जिला एकीकरण समितियों को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से तात्कालिक प्रभाव से निम्नानुसार पुनर्गठित किये जाने के आदेश प्रदान करते हैं:—

1—अध्यक्ष, जिला पंचायत —अध्यक्ष

2—जनपद के समस्त मा०सांसद/विधायकगण —सदस्यगण

3—जिलाधिकारी —सदस्य

4—जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक —सदस्य

5— जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी —सदस्य

6— जिला विद्यालय निरीक्षक —सदस्य

7— जिला स्तरीय धार्मिक समूहों के प्रमुख —सदस्य

8— जिला सूचना अधिकारी —सदस्य

9 - जिलाधिकारी द्वारा संस्तुत तथा अध्यक्ष, जिला पंचायत द्वारा अनुमोदित समाज के विभिन्न क्षेत्रों यथा—शिक्षक, चिकित्सक, अधिवक्ता, मीडिया, साहित्यकार, श्रमिक,उद्यमी, व्यापारी, महिला, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भूतपूर्व सैनिक, स्वैच्छिक संगठन आदि के 10 (दस) प्रतिनिधि. —सदस्यगण

10 -मुख्य विकास अधिकारी —सदस्य—सचिव

2—जिला एकीकरण समितियों का कार्यक्षेत्र—

(1) राष्ट्रीय एकता, भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता एवं लोकतंत्र की भावना बढ़ाने तथा साम्प्रदायिक एकता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण निरंतर कायम रखने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनार्थ सुझाव देना जिनमें नागरिक विशेषकर श्रमिक, उद्यमी, छात्र, शिक्षक, युवावर्ग एवं महिलायें भाग ले सकें। इस हेतु प्रमुख त्योहारों

एवं उत्सवों जैसे रक्षाबन्धन, होली, दीवाली, ईद, बकरीद, क्रिसमस–डे तथा बसंत आदि सामूहिक रूप से मनाने की व्यवस्था करना । इन अवसरों पर स्वतंत्रता सेनानी एवं ऐसे व्यक्तियों जिन्होंने साम्प्रदायिक दंगो की रोकथाम तथा नियंत्रण हेतु अपनी जान को खतरे में डाल कर दूसरे सम्प्रदाय के सदस्यों की जान बचाई हो तथा अन्तर्जातीय/अन्तर्धार्मिक विवाह प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत पुरस्कृत किये गये नागरिकों को आमंत्रित कर सम्मानित करना ताकि समाज के अन्य वर्ग प्रेरणा लें, इसके अतिरिक्त स्थानीय परम्पराओं के अनुरूप लोकनृत्य, लोकगीत एवं कठपुतली नृत्य आदि को स्थानीय प्रतिष्ठित जन को सक्रिय करके जिले के विभिन्न भागों में राष्ट्रीय एकता पर कार्यक्रम विशेष रूप से जनपद के संवेदनशील इलाकों में आयोजित करना।

(2) राज्य एकीकरण परिषद द्वारा लिये गये निर्णयों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना ।

(3) गैर सरकारी स्वैच्छिक संस्थाओं एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों का राष्ट्रीय एकता की प्रोन्नति एवं साम्प्रदायिक सहिष्णुता तथा सद्भावना बढ़ाने में सक्रिय योगदान सुनिश्चित करना। इस हेतु राज्य तथा केन्द्रीय सरकार की योजनायें, जिनके अन्तर्गत अनुदान दिया जाता है, का व्यापक प्रचार व प्रसार सुनिश्चित करना ताकि ऐसी अधिक से अधिक संस्थायें व व्यक्ति राष्ट्रीय एकीकरण के उद्देश्यों की पूर्ति में सक्रिय योगदान कर सकें।

(4) उपरोक्त योजनाओं में पर्याप्त लाभ निष्पक्ष एवं समान रूप से अल्पसंख्यकों एवं अनुसूचित जातियों तथा जनजातियों को सुलभ होने में कठिनाई अथवा परिवाद उत्पन्न हुये हों तो उन्हें समिति के संज्ञान में लाकर उनके निराकरण हेतु रचनात्मक सुझाव देना।

(5) देश की सुरक्षा अथवा अखण्डता प्रभावित होने पर समस्त नागरिकों का सक्रिय सहयोग प्राप्त करने हेतु सुझाव देना।

(6) ऐसे सक्रिय उपाय करना एवं प्रयास जारी रखना ताकि साम्प्रदायिकता तथा विघटनकारी शक्तियॉ सक्रिय न होने पायें एवं झगड़े उत्पन्न न हों।

(7) राष्ट्रीय एकता की अभिवृद्धि में हानिकारक प्रवृत्तियों को समाप्त करने हेतु प्रशासन को सुझाव देना। इसके बावजूद झगड़े एवं दंगे हो जाने पर शान्ति कायम करने हेतु जिला प्रशासन को हर प्रकार का सहयोग देना।

3– जिला एकीकरण समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह में कम से कम एक बार अवश्य की जायेगी, जिसकी जिम्मेदारी सदस्य–सचिव की होगी। उक्त बैठक के कार्यवृत्त की एक प्रति शासन के सूचनार्थ प्रेषित की जायेगी।

4– जिला एकीकरण समिति की बैठकों हेतु वित्तीय स्वीकृति पृथक से जारी की जायेंगी।

भवदीय,

(नेत राम)
प्रमुख सचिव।

संख्या ... (1)/चालीस—12—17(27)/1989 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:—

1— श्री राज्यपाल के प्रमुख सचिव।

2— मा0 मुख्यमंत्री जी के प्रमुख सचिव।

3— मुख्य सचिव के स्टाफ अधिकारी।

4— कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।

5— अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0 शासन। ।

6— समाज कल्याण, आयुक्त, उ0प्र0 उ0प्र0 शासन।

7— प्रमुख सचिव, गृह विभाग, उ0प्र0 शासन।

8— पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

9— प्रमुख सचिव/सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य/उच्च शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/बेसिक शिक्षा/सूचना/न्याय/संस्कृति/ग्राम्य विकास/श्रम/पर्यटन/समाज कल्याण/पंचायती राज/युवा कल्याण/महिला एवं बाल विकास/नागरिक सुरक्षा/आवास विभाग, उ0प्र0 शासन।

10— समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

11— निदेशक, सूचना निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

12— गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(नेत राम)
प्रमुख सचिव।

(4)

ई-मेल

संख्या-321/चालीस-2024-बजट(2)/2019

प्रेषक,

जितेन्द्र कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश ।

राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग लखनऊ: दिनांक13जून, 2024

विषयः जिला एकीकरण समितियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कराये जाने हेतु धनराशि स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

कृपया जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में गठित जिला एकीकरण समितियों के पुनर्गठन के सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या-415/चालीस-12-17(27)/89, दिनांक 14 जून, 2012 का सन्दर्भ ग्रहण करें ।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जिला एकीकरण समितियों को उक्त शासनादेश दिनांक 14 जून, 2012 में उल्लिखित प्रयोजनों पर ही व्यय हेतु श्री राज्यपाल चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये प्रदेश के प्रत्येक जनपद के लिए रू0 20,000/- (रूपये बीस हजार मात्र) की धनराशि अर्थात् प्रदेश के कुल 75 जनपदों के लिए कुल रूपये 15,00,000/-(रूपये पन्द्रह लाख मात्र) की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति सहर्ष प्रदान करते हैं।

3- संदर्भित शासनादेश में वर्णित दिशा-निर्देशो के अनुसार वर्ष के प्रत्येक त्रैमास में कम से कम एक बैठक आयोजित की जायेगी अर्थात प्रत्येक तीन मास में एक बैठक आयोजित किया जाना अनिवार्य होगा।

4- आवंटित धनराशि का कोषागार से आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जाये तथा प्रत्येक आहरण की डी0डी0ओ0 शीट की प्रमाणित प्रति शासन को तत्काल उपलब्ध करायी जाएगी। इसके साथ ही व्यय का सदुपयोगिता प्रमाण-पत्र दिनांक 31-03-2025 से पूर्व शासन को उपलब्ध करा दिया जाएगा, जिसमें इस तथ्य का प्रमाण होगा कि धनराशि उन्हीं मदों में खर्च की गई है, जिसके निमित्त धनराशि अवमुक्त की गई थी तथा धनराशि का उपयोग करने के पश्चात् आंकड़ों का मिलान महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज से कराकर उनके द्वारा प्रदत्त प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रति शासन को प्रत्येक दशा में दिनांक 31-03-2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे एवं धनराशि व्यय करने में सुसंगत वित्तीय नियमों का अवश्य पालन किया जायेगा।

5- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रुपये 15,00,000/-(रुपये पन्द्रह लाख मात्र) चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक में अनुदान सं0-53 लेखा शीर्षक 2070008000900 जिला एकीकरण समितियों पर व्यय 42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के तहत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

Signed by
Jitendra Kumar
Date: 11-06-2024 12:59:03

(जितेन्द्र कुमार)
अपर मुख्य सचिव

<u>संख्या- /2024/ (1)/चालीस-2024 तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश ।

(2) समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश। (नोडल अधिकारी)।

(3) महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 , प्रयागराज।

(4) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 , प्रयागराज ।

(5) वरिष्ठ आडिट आफिसर (आडिट एवं प्लानिंग) कार्यालय, महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम, सत्यनिष्ठा, भवन-15, नार्थ हिल रोड, प्रयागराज ।

(6) समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/ कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।

(7) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/ वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9

(8) निदेशक, सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(9) समस्त जिला सूचना अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

(10) गार्ड बुक/ बजट सहायक।

आज्ञा से,

(जितेन्द्र कुमार)
अपर मुख्य सचिव

# Allotment Grid Report

**वित्तीय वर्ष:-2024-2025**
**आवंटन दिनांक-13/06/2024**

**प्रेषण संख्या:-** 1
**आवंटन आदेश संख्या:-** 001-40-2024-Budget-2-2019
**अनुदान संख्या:-** 53 राष्ट्रीय एकीकरण विभाग(वित्तीय वर्ष 2024-2025 का आवंटन)
**लेखाशीर्षक:-** 2070 - अन्य प्रशासनिक सेवायें(आयोजनेत्तर-मतदेय)

800 - अन्य व्यय
09 - जिला एकीकरण समितियों पर व्यय

**(धनराशि रु. में)**

| S.No. | अधिकारी/जनपद का नाम | | 42-अन्य व्यय | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहारनपुर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 2 | मुज़फ्फर नगर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 3 | मेरठ-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 4 | बुलन्दशहर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 5 | अलीगढ़-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 6 | मथुरा-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 7 | आगरा-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 8 | मैनपुरी-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 9 | एटा-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 10 | बरेली-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 11 | बिजनौर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 12 | बदायूं-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 13 | मुरादाबाद-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 14 | शाहजहांपुर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 15 | पीलीभीत-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 16 | रामपुर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 17 | फर्रुखाबाद-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 18 | इटावा-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 19 | कानपुर नगर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 20 | फतेहपुर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 21 | प्रयागराज-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 22 | झाँसी-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 23 | जालौन-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 24 | हमीरपुर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |

| S.No. | अधिकारी/जनपद का नाम | | 42-अन्य व्यय | योग |
|---|---|---|---|---|
| 25 | बांदा -4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 26 | वाराणसी-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 27 | मिर्ज़ापुर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 28 | जौनपुर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 29 | गाज़ीपुर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 30 | बलिया-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 31 | गोरखपुर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 32 | बस्ती-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 33 | आजमगढ़-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 34 | देवरिया-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 35 | लखनऊ कलेक्ट्रेट -4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 36 | उन्नाव-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 37 | रायबरेली-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 38 | सीतापुर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 39 | हरदोई-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 40 | लखीमपुर खीरी-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 41 | अयोध्या-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 42 | गोण्डा-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 43 | बहराइच-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 44 | सुल्तानपुर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 45 | प्रतापगढ़-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 46 | बाराबंकी-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 47 | ललितपुर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 48 | गाजियाबाद-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 49 | कानपुर देहात-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 50 | मऊ-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 51 | सिद्धार्थनगर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 52 | फिरोजाबाद-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 53 | सोनभद्र-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 54 | महाराजगंज-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 55 | महोबा-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 56 | संत रविदास नगर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |

| S.No. | अधिकारी/जनपद का नाम | | 42-अन्य व्यय | योग |
|---|---|---|---|---|
| 57 | कुशीनगर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 58 | अम्बेदकर नगर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 59 | गौतमबुद्ध नगर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 60 | चन्दौली-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 61 | हाथरस-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 62 | बलरामपुर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 63 | संत कबीर नगर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 64 | औरैया-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 65 | कौशाम्बी-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 66 | बागपत-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 67 | कन्नौज-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 68 | श्रावस्ती-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 69 | अमरोहा-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 70 | चित्रकूट-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 71 | कासगंज-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 72 | अमेठी-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 73 | हापुड़-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 74 | शामली-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| 75 | सम्भल-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000<br>20000 | 20000<br>20000 |
| | योग | वर्तमान<br>प्रगामी | 1500000<br>1500000 | 1500000<br>1500000 |

**महायोग-** (वर्तमान आवंटन):- रूपया पन्द्रह लाख
**महायोग-** (प्रगामी आवंटन):- रूपया पन्द्रह लाख

(चन्द्रिका प्रसाद)
अनु सचिव